मैं अहंकार लो आता था कि इतनी संख्या करता हूँ
और नई का जलिक साणी करनी पड़ती थी
कारण उस समय संख्या की पाबन्दि थी। अब
शान्ति पूर्वक करता हूँ और ज्याद पता नहीं रहता संख्या
का और न कोई संख्या का हिसाब ही है। प्रभो!
श्वास श्वास पर और डग डग पर अगणित वस्तुएँ और
साधन प्राणी मात्र के लिये तूने रच रखे हैं। उस
तेरी याद करने की संख्या द्वारा मनुष्य सीमा रखता है
अभिमान करता है संख्या का। धन्य हो प्रभु आपने
छुटकारा दिया कदाचित् एक बार पुनः पाता
तो क्या है यों ही छिपा हुआ जाता

१४ जुलाई ५९ — **चिन्तन** — घड़ी की सुई जब बारह बजे के बाद एक नम्बर पर ज्योंहि आती है तब उसी तीव्र गति से वापस बारह पर आने की उतावली हो जाती है और बारह पर आ पहुँचती है ठीक इसी प्रकार जीव अपने उद्गम-स्थान से रवाना होते ही उस स्थान की ओर अविराम तीव्र गति से हर सांस में अग्रसर होता रहता है वहाँ (मृत्यु) पहुँचते ही यह क्रम फिर चालू हो जाता है।

**भाव** — सन्तान जब मचल जाता है तब माता पिता उसकी तुष्टि के लिये अपने मन के खिलाफ भी काम कर जाते हैं अपनी इच्छा को भी दबा जाते हैं। तो फिर भक्त के मचलने पर परम पिता उसकी इच्छा पूरी करे इसमें संदेह की गुंजाइश हो ही नहीं सकती — भक्त मचलना जाने तो सही मचल कर देखे तो सही।

२४ जुलाई ५९ — **स्वप्न** — करीब ग्यारह बजे मैं सो पाया। इसके करीब आध घंटे बाद ही भयानक स्वप्न देखा — एक भयावनी सूरत की स्त्री मेरी तरफ छुरा लिये

लपक रहे हैं झपटे आ रहे हैं - अपने को बचाने के लिये
मैं उनकी ओर बढ़ा और नींद में ही कुछ ऐसा एक
अर्द्ध निद्रित अवस्था में ही बोला कि जिस तरफ से वह
औरत मेरी ओर लपक रही थी उसी तरफ मेरी पत्नि सो
रही है इतना ख्याल रहा कि इसी औरत ने मेरे पर लपका
है पत्नि को पहचान न सका और उसके चेहरे पर १-२
थप्पड़ लगा दिये। पत्नि बहुत भयभीत हो गयी दोनों
छोटे बच्चे भी डर गये पत्नि की घिग्घी बंध गयी।
कुछ मिनट बाद चेतना आने लगा तब रस्ते में भय मालूम
हो रहा था रोमांच हो रहे थे। अपना आधा स्वप्न का हाल बता
कर पत्नि से कहा यह कोई मेरी "दशा" आई थी परमात्मा
ने रक्षा की। सुबह मालूम हुआ उस समय मेरी आंखें
लाल हो रही थी सूरत भयानक लगती थी तब पत्नि
घबड़ा कर उठकर मुझे जगाने मेरी तरफ आ
रही थी कि मैंने थप्पड़ जड़ दिये। बहुत देर तक मैं
अस्वाभाविक मुद्रा में रहा।

२० जुलाई ५८ स्वप्न — काम — गत रात्रि का स्वप्न तो पूरा याद नहीं किन्तु प्रधान अंश स्मृत पड़ता है। एक खिड़की से मैं ऊपर जब मैं निकलना चाहता हूँ किन्तु पीछे हनुमानजी की छोटी सी मूर्ति है। उनके पैर न लग जावें इस भय से पैरों को बचाता हुआ उतर रहा हूँ कारण खिड़की और हनुमान जी के बीच का स्थान बहुत ही संकीर्ण है। जब प्रायः उतर चुका तब मुँह हनुमानजी की तरफ हो गया इतने में वह मूर्ति अचानक स्त्री रूप धारण कर लेती है और स्तन मेरे मुँह में आ पड़े — निद्रा टूट गयी चित्त बड़ा दुःखी हो गया — यह छिपी अभ्यन्तर की काम वासना बिना भगवत्कृपा के कैसे जायगी।

२५-८-५८ घटना — हमारी साउथ परसिया कोलियरी के साथ धांडाडीह मौजे के अधिग्रहण के लिये जी तोड़ चेष्टा की जा रही थी। कभी आशा बंधती कभी निराशा के काले बादल मंडरा जाते। करीब एक सप्ताह पूर्व चीफ माइन्स इन्सपेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया था कि यह नहीं होने दूँगा उस दिन से ही परिवार के अन्दर सुस्ती और झुंझला आ गयी थी। आज की

मीटींग में निश्चय होना था। बाबूजी ऑपरेशन चलवाने की खास घात कर हतोत्साह वापस आ गये करीब ८ बजे सारा परिवार बेजान हो गया था। अचानक १० बजे रात में एक मित्र सदस्य का टेलीफोन आया कि प्रस्ताव स्वीकृत हो गया अप्रत्याशित निर्णय हो गया। तदुपरान्त प्रभात फेरी काल में विचार आया कि सूरदासजी के भजन "अपने ---" की यह पंक्ति आज विषादग्रस्त परिवार के सामने है। मेरे मुँह से परिवार में निकल पड़ा यह प्रभु का प्रसाद है।

२-५-६० घटना – कुलवधु लीलावती ने बागान से बेला फूल की डालियों को तोड़कर अपना शयनागार सजाना इन दिनों अपना नित्य कार्य बना रखा है। फलस्वरूप क्रमशः फूल बहुत ही कम होते चले गये। १ दिन सिर्फ ८-१० फूल ही पूजा के लिये मिले चिन्ता हो गयी पूजा के लिये फूल की व्यवस्था कहाँ से होगी इधर उधर से मँगाने की सोचने लगा। ३-४ दिनों बाद एक दिन अचानक देखता हूँ बागान फूलों से भर गया – प्रभो तुम धन्य हो।

फरवरी ६० **स्वप्न** – बैठक के दरवाजे से एक साधु आया, ढुकते ही विजय पोद्दार की सी शकल हो गयी, जरदीन और फुल पैंट पहने हुए। मेरे कान में कह गया – "सरकार नहीं मानती है क्या करें" – इतना कह कर तेजी से निकल गया। इस स्वप्न को मैंने शुभ ही माना। धनडाडीह मिलने की तो बहुत आशा उम्मीद थी। विजय पोद्दार कहा था मैं जरूर प्राप्त करूंगा। बाबूजी कर रहे थे Denotification यानि आगम को रद्द कराना तो मामूली बात है। मैं चुपचाप सब कुछ सुनता रहा। अन्त में मालूम हुआ कि सरकार ने साफ कह दिया कि denotification नहीं होगा। मुझे दृढ़ विश्वास है कि यह तब तक नहीं होगा जब तक लोग कहते रहेंगे कि हम कोशिश कर रहे हैं – अगर मिलेगा तो तब जब सब हार कर बैठ जायेंगे।

३ जून ६० **धारणा** – कल रात्रि अन्तिम प्रार्थना करते करते लेट गया झपकी आ गयी सब सो चुके थे। तीन बार ताली की आवाज अचानक चौंक कर देखा कोई नहीं दीखा प्रार्थना कर सो गया। प्रातः निश्चित समय पर ऐसा लगा जैसे पैर में कोई अंगुली से ठोकर मार रहा है सब सो रहे थे – आँख खुली तो ठीक वही समय हो गया था।

२२-९-६० अनुभव- प्रातः स्मरण के समय एक बड़ा सुन्दर
बायीं ओर से दाहिनी ओर जाता दीखा। प्रकाश स्थित
मैं अपने कमरे में बैठा था जोकि बायें ओर से बढ़ा
एक विराट बादल ही एक के बगल में दूसरा इस तरह
दो मंदिरों के शिखर त्रिशूल और कलश सहित
दाहिनी ओर से बायीं ओर चले जा रहे हैं। प्रयास
करने पर फिर कुछ भी नहीं रह गया।

२४-९-६० भाव- इधर करीब १ महीने से बाबूजी की अवस्था से दुखित हो
यही निश्चय किया था कि जब उनके पास बैठते हैं तो कभी कभी
अकारण एवं बिना प्रसंग के ही दोनों की शान्ति भंग होने का
वातावरण पैदा बाबूजी कर बैठते हैं तब इस शान्ति भंग से
बचने के लिये यह आवश्यक है कि उनके पास ही बैठना ही बंद
कर दिया जाय। कुछ दिनों पूर्व पत्नि की अवहेलना से दुखित हो
नौकर की लापरवाही की वजह से भोजनोपरान्त पत्नि एवं पुत्र
वधु पर उबल पड़ा। दूसरे दिन सुबह से स्वाभाविक सरलता अवस्था
में आ गयी। उपरोक्त चारबातों को कई दिन हो गये। आज
प्रातः स्मरण आसन पर बैठते ही भान आया कि यह सब

उसकी इच्छा से ही हो रहा है वह मुझे सताना चाहता है अतः
ध्यान रखके मुझे इससे बचना है। इसमें क्रोध का नाश एवं
शान्ति की मधुरता अत्यावश्यक है। जिस जिह्वा पर उसका
नाम है उस जिह्वा पर मधुरता को आना ही पड़ेगा आखिर।
वह मधुर जो ठहरा। दूसरे दिन बापूजी के पास भी चला
गया एवं पत्नि से भी माफी मांगी।

२५-९-६७ अनुभव — प्रातः स्मरण के समय तेज काले रंग
का धोखा दीखा। प्रार्थना बंद करके देख रहा था।

३०-१०-६७ स्वप्न — दर्शन — गत रात्रि स्वप्न में देखा लाल रंग
का लम्बे मुंह का करीब छः फीट लम्बा मोटा सोटा बंदर
मेरी तरफ आ रहा है मैं डर से दुबक रहा हूँ तब बंदर
बिलकुल नजदीक में खड़ा हो गया और बोला
"डरते क्यों हो। तुम्हारे तो मुंह से राम नाम निकलता है।
यहां तक कि तुम्हारे बटुए का देखने से ही मालूम हो
जाता है कि तुम राम नाम जपते हो। मैंसे डरने की
दरकार नहीं"। मैंने कहा आप अपना असली रूप
दिखलाइये। उन्होंने कहा "नहीं देख सकोगे"। मैंने कहा

"कृपा कीजिये"। फिर उस रूप ने अपना विस्तार किया। मैं पास खड़ा ऊपर की तरफ आँख उठा कर उन्हें देखने की बहुत चेष्टा की किन्तु इतना विशाल स्वरूप था वह कि उस विग्रह को देखने (पैर से शीश) तक ही मैं देख पाया उससे ऊपर मेरी दृष्टि ही नहीं पहुंच सकी। तब ख्याल आया अरे यह तो श्री हनुमानजी महाराज हैं - इतने में नींद खुल गयी। जागने पर भी यही धारणा पुष्ट बनी रही कि आज तो पवन-सुत ने दर्शन देने की असीम कृपा की। सुबह से ऐसी ही धारणा हो रही है और यह लिखते समय बदन में सनसनी हो रही है। जय श्री बजरंग बली की।

इष्ट भूमि - चिन्तन - कल प्रातः काल स्मरण में समझ दिखाया गया था कि तू मूर्ख है जो यह सोचता है कि वीरणा होटल की माँस के व्यापार की कमाई की वजह से राजा की आमदनी को व्यवहार में न लाकर अपनी आत्मिक पतन को बचाऊँ। ऐसा सोचने का मतलब है

राम नाम पर तेरा विश्वास ही नहीं। अरे यह नाम तो पत्थर तक को भी पावन कर चुका है तू तो केवल राजा के पैसे को ही व्यवहार में लाता है। इसके बाद यह विचार आए मजबूर हो गये कि मुझे अपने प्यारे 'राम नाम' की महत्ता पर विश्वास करना चाहिये। फलतः प्रातः स्मरण है उठते ही पण्डित को अलग रखे हुए रुपये दे दिये। इस घटना के बाद उपरोक्त श्री हनुमान जी के दर्शन स्वप्न में प्राप्त हुए।

७-११-५० प्रत्येक वर्ष कोलियरी में श्रमिकों की ओर से दीपावली के बाद एक बार नाच गान एवं यात्रा का आयोजन किया जाता है। यद्यपि पण्डित कह चुका था कि मैं नहीं दूंगा फिर भी राजा के आग्रह के कारण मन मार कर आना पड़ा।

भाव — प्रथम प्रोग्राम में एक नर्तकी नृत्य के साथ गा रही थी जिसका मतलब था कि "शराब पीती जाऊं - इतनी दीवानी हूं कि किसी की टीका टिप्पणी या लाभ नुकसान की परवाह ही नहीं रहे। चाहे संसार हंसे मैं इसी में मस्त हूं। प्रेम शराब पीती जाऊंगी जब तक प्रीतम न मिलें।

भाव यह कि जबतक इंसान तेज प्रेम का नशा नहीं चढ़ जायगा तबतक 'राम' मिलने के नहीं केवल बातों से काम बनने का नहीं। (राम ही केवल प्रेम पियारा जानि लेउ जो जाननिहारा)। निष्काम प्रेम का दीवाना लोक लाज तज कर एवं हानि लाभ भूल कर बनना होगा। प्रीतम राम को प्राप्त करने में बड़ी से बड़ी कीमत सहर्ष चुकानी ही पड़ेगी।

भाव - एक गायक ने "कन्हैया की मुरली की तानें" का भजन गाया। उसमें ग्वालिन कृष्ण को अपना कर झुला रही है और न आने पर तड़प रही है एवं इतनी भावोन्मत हो गयी कि जैसे बाल कृष्ण शिशु-रूप में उसके पास आये और वह कृष्ण को अंचल में छीपा रही है गोद खिला रही है, उसे कृष्ण के रुदन की ध्वनि को चीरत सुन रही है, वह रोते हुए कृष्ण को शान्त करने के लिये पलने में सुला रही है और जब कृष्ण शान्त हो जाते हैं तब संग सुला कर स्तन-पान कराती है और

कृपा के सो जोन कर मस्त हो कर नाच रही है।
कलाकार ने सारे भाव साकार से कर दिखाये। Pin drop
शान्ति थी दर्शक हस्तब्ध थे कईयों की आँखों से
अश्रुधार बह रही थी। मैं अपने को रो रहा था भाव
आते थे कि क्या अपने 'राम-लला' के लिये इतना
व्याकुल एवं प्रेम विभोर हो सकूँगा। - हे प्रभो बातों
से अथवा चेष्टाओं से यह दशा प्राप्त नहीं होगी
जब तक कि प्रभो तु स्वयं मैं सहायता नहीं करेगा।
क्या कभी इतनी कृपा बरसाओगे मेरे राम।

~~आज — द्वितीय प्रोग्राम — नहि~~

१३-१२-६१ अनुभव — बिनु हरि कृपा मिलहिं नहीं संता।।

कल १२ ता. को अकस्मात् सत्संग मिला कि श्री आनन्द
स्वामी जी अयोध्या पधारे हैं। उनके पास गया एकान्त
पाकर दुखड़ा रोया कि भगवन् मन चंचल रहता है
मुँह से नाम स्मरण तो करता हूँ पर मन दौड़ता रहता है।
उन्होंने धैर्य बंधाया कि "अधीर न हो केवल नाम
स्मरण करते चलो मन अपने आप बस में आ जायगा"

मुझे संतोष नहीं हुआ — मैं उनकी मुख को खुल
खिलाना चाहता था — निवेदन किया — आश्वासन
मिला "ठीक है तुम्हारे भजन के निर्धारित समय पर
प्रातःकाल मैं बिल्कुल नहीं बैठूँगा उससे तुम्हा-
रा विचार देखूँ" मैंने चरण — स्पर्श किये उन्होंने
सिर पर हाथ फेरा — मेरा रोमांच हो गया बिजली
सी दौड़ गयी। शौचादि से निवृत्त हो निश्चय के समय
के पहले ही आसन पर बैठा — अपूर्व अनुभव हुआ
मन का चांचल्य विलय था — शरीर की हालत काबू
में नहीं थी — समय का ध्यान था — जैसे ही निश्चित
समय खतम हुआ फिर वही पुरानी हालत — मैंने लाखों
चेष्टा की लेकिन पुराने ढंग की ही उपासना रही।
आज सुबह दर्शनार्थ पहुँचा। यज्ञशाला में ही स्वामी जी
ने प्रश्न किया "क्यों भाई आज भजन के समय कैसा
रहा" — मैंने उत्तर दिया "महाराज बहुत आनंद रहा"।
उन्होंने कहा "मैंने निश्चित समय पर किया था" — धन्य हो
प्रभो। जिसने यह सुअवसर दिया। धन्य धन्य स्वामी
जी जिन्होंने कृपा की।

१५-१२-६१ अनुभव — प्रातः स्मरण के समय अपूर्व आनन्द हुआ।
पूज्य स्वामीजी का अपने प्रसाद को अर्पित कर हुए
कि अब भगवत् स्मरण में मन सहयोग करे।

मन — हाय, तेरी माया अपरम्पार है। इतने प्रतिकूल
वातावरण द्वारा शायद इस अवस्था में पापों का दु
दहन कराना चाहता है। मेरी एक ही निष्ठा जीवन में
रहे कि "जो तू करता है भले के लिये ही — मैं तो आनन्द
स्रोत की अपार ही रहूँ"।

१८ दिसम्बर १९६१ सत्संग — पूज्यपाद श्री अखण्डानन्द स्वामी जी—

प्रश्न — प्रातः स्मरण में मन फिर चंचल पुरानी तरह से ही हो जाता।

उत्तर — निष्ठा — आपके भजन में लगन के साथ लगे रहो।
विश्वास रखो एक दिन वह अवसर जब मन सहयोग करने
लग जायगा। मन असहयोग करे शरीर असहयोग करें
करने दो तुम तो आत्मा हो लगे रहो अपने आप मन
सहयोग करने लगेगा।

प्रश्न — भजन में संख्या का क्या स्थान एवं महत्व है।

उत्तर — कुछ नहीं। संख्या तो अनुष्ठान करने वालों के

लिये है। नित्य भजन करने वालों के लिये संख्या का कुछ भी महत्व नहीं – कोई स्थान नहीं।

प्रश्न – "आनन्द की कुंजी" क्या है।

उत्तर – ईश्वर में सहज सरल श्रद्धा और विश्वास। यह विश्वास रक्खो ईश्वर सब कुछ तुम्हारे भले के लिये ही करता है – हर काम का पूरा यत्न करो पर फल उनके हाथ छोड़ दो। फल अच्छा होने से तेरी भलाई है तो अच्छा ही होगा किन्तु यदि बुरे फल में तेरी भलाई निहित है तो बुरा होगा होने दो उसी में आनन्द है। यह मनोवृत्ति बना लो तो आनन्द ही आनन्द है। प्राप्त कार्य को पूरी सावधानी से करता चला जा अपनी तरफ से कोई कसर मत होने दो।

प्रश्न – एक वृद्धा ने हस्तरेखा दीखानी चाही।

उत्तर – स्वामी जी ने तुरंत उत्तर दिया – माँ हाथ में ही सब कुछ लिखा है यह सत्य है। अतः हाथ से सत्कर्म करना चाहिये ताकि शुभ फल मिले।

यदि दुष्कर्म करेगा तो निश्चय ही बुरा होगा।

प्रश्न — बहुतों का कहना है प्रभु से कुछ माँगना नहीं — निष्काम भजन करो — तो क्या भक्ति माँगना भी इसके अन्दर शामिल है।

उत्तर — नहीं। हाँ सांसारिक सुखों मत माँगो जिस परिस्थिति में रखे उसी में मस्त रहो। भक्ति की याचना तो जरूर करनी चाहिये और उसकी ओर से करो जितनी ओर से बच्चा माँ से दूध माँगता है। भक्ति जितनी ज्यादा से ज्यादा दृढ़ होवे उतने संतोष नहीं करना।

प्रश्न — "सरल" से क्या समझना चाहिये।

उत्तर — कपट, छल और छिद्र न होना।

कपट — बाह्य रूप से यानि ऊपरी वेश भूषा या व्यवहार द्वारा किसी को धोखा देना।

छल — अपना काम करने की प्रेरणा से धोखा देना।

छिद्र — व्यवहार द्वारा धोखा देना।

प्रश्न — सुर असुर संग्राम होता था चालू रहता है —

उत्तर — सुर = सद्बुद्धि। असुर = कुबुद्धि। जब असुर

सुर को दबा लेते हैं तो सुर ईश्वरीय शक्ति का
सहारा लेते हैं और ईश्वर प्रबल असुर शक्ति का
विनाश कर सुरों की रक्षा करते हैं। अतः दुर्बुद्धि
के दमन हेतु उसी परमात्मा की शरण जा उसीका
सहारा मांगा तेरा कल्याण होगा।

प्रभात स्वप्न **स्वप्न — उपदेश —** बाबूजी एवं विजय की स्कूल
जनवरी १९८२ का कोई लड़का है उसने कहा "प्रातः-स्मरण के साथ
तुम गायत्री का जप क्यों किया करते हो"। मैंने उत्तर
दिया "द्विज को तो गायत्री करनी चाहिये न"। उसने
कहा "तुम्हारा राम का इष्ट है हमेशा अपने इष्ट का ही
स्मरण करना चाहिये। एकनिष्ठ होना होगा। तुम्हें गायत्री
नहीं करनी चाहिये"। मैंने कहा— "ठीक है। लेकिन मैं
शिवजी एवं हनुमानजी की आराधना किया करता हूं सो
तो इसलिये कि ये दोनों ही श्रीराम के अनन्य भक्त हैं
फिर तुलसीदासजी ने कहा भी तो है कि राम से अधिक
राम कर दासा। इनकी कृपा से ही मुझे इष्ट-देव श्री
राम की प्राप्ति हो जाये" इतना कह रहा था कि आँख
खुल गयी नींद भी टूट गयी।

११ जनवरी १९६२ अनुभव — गत ११ जनवरी को मेरी साधु का स्वर्गवास
हो गया। शव के साथ ट्रक पर बैठ कर संगरा (त्रिवेणी)
जा रहा था। विचार आया इनको रामायण का बड़ा
प्रेम था अतः मानस का नवाह पारायण करा दूं।
तदनुसार १२ ता. से नवाह पारायण आरम्भ कराया।
आज पारायण सुनते समय अचानक ऐसा भान
हुआ कि माजी (साधु) की दिव्य मूर्ति टेलीफोन में
कह रही है "कंवरजी पारायण हो रहा है" मैं उत्तर दे रहा
हूं "मैं जरा देर करना मैं तुरन्त आता हूँ तब आरम्भ
कराना मैं भी सुनूंगा"। मुस्कुराती हुई दिव्य छवि
अन्तर्ध्यान हो गयी। फिर सोचता रहा किस तरह बारम्बार
आग्रह करके उन्होंने मेरे से मास-पारायण चालू
कराया था। जीवन में एक महान महत्व, मुझे उन्होंने
दी जिसका ऋण मैं चुका नहीं सकूंगा।

२० जनवरी १९६२ सत्संग — आर्य समाज के पंडित ऋषिराजजी ने कहा
"मनुष्य को अपनी आध्यात्मिक समस्याओं का
समाधान तो किसी संत से ही कराना पड़ेगा कोई भी

धर्म पुस्तक इस दिशा में पूर्णतया सहायता नहीं कर सकती। कारण पुस्तकों में तो जो कुछ लिखा है उतना ही मिलेगा किन्तु व्यक्ति विशेष की अपनी अपनी समस्यायें रहती हैं उनका समाधान तो कोई महान व्यक्ति ही अपने अनुभव के आधार पर यथाशक्ति कर सकता है। फिर उन्होंने कहा "भजन पूजन करने वाले को शारीरिक व्याधि नहीं होगी ऐसा नहीं समझना चाहिये। कर्मफल तो भोगना ही पड़ेगा। इसका मतलब भजन में लगे रहना चाहिये यह तो अपना प्रभाव दिखावेगा ही।"

२४ जनवरी ८२ **चिन्तन** — प्रातः भ्रमण के समय विचार आया कि मस्तिष्क में जिसकी गहरी लकीर बनेगी अर्थात् निरन्तर जिसकी रटन रहेगी वही विचार शायद अन्त समय में मन में आवे इसलिये निश्चय किया कि "मरकत मृदुल ...." जो श्रीरामजी के बाल्य रूप का वर्णन (काकभुसुण्डीजी ने किया है उसकी सतत रटन होती रहे तो शायद उसकी कृपा हो जाय और मृत्यु काल में यह ध्यान बन जाय तो निश्चय वह अपने चरणों में स्थान दे देगा।

३१ जनवरी ६२ **आन्तरिक इच्छा** - बातों ही बातों में बच्चू से कहा कि
बड़ी ही इच्छा है कि अन्तकाल में कोई "हरे राम" का कीर्तन
झाँझ मृदंग के साथ करा देवे एवं शरीर शान्त होने
पर दूसरे दिन से श्री रामचरितमानस की नवाह्न
पारायण करा देवें"। हरि इच्छा प्रबल है क्या तू
मेरी इच्छा को पूरी करेगा प्रभो!

१२ मार्च ६२ **स्वप्न — दर्शन** — श्री राम की श्यामल छोटी सी
मूर्ति — सामने पर्दा लटक रहा — पर्दा दो बार हटा
मूर्ति के दर्शन हुए — एक बार ऐसा भान हुआ मूर्ति
हाथ हिला रही है — फिर पर्दा सामने आ गया।

१३-३-६२ **चिन्तन** — ईश्वर भक्त को जगत की दासता करनी चाहिये
एवं अपनी इच्छायें और आवश्यकतायें ईश्वरार्पित
करना चाहिये। श्री हनुमान जी ने ठीक ही कहा है "एहि
आस अटक्यो रहै प्रभु मोरे" और प्रभु ने कहा "सो अनन्य
जाके असि मति न टरइ हनुमंत। मैं सेवक सचराचर रूप
स्वामी भगवंत"॥ (४।३)

४ जुलाई ८२ चिन्तन – घनश्याम – आकाश में भिन्न भिन्न रंग के मेघ छाये हैं कहीं आकाश बिलकुल स्वच्छ नीला है वह नीलापन भी कहीं हल्का और कहीं तेज और कहीं सूर्य की लाल किरणों से चमक रहा है। जल के बादल नीले काले हल्के तेज सभी रंग के हैं। समझ नहीं पा रहा हूँ तेरा रंग किस तरह का श्याम है। प्रभो यह बुद्धि दे दो हे – दर्शन करावो तब जाना जाय – और वह दर्शन तेरी अकारण कृपा बिना हो कैसे – अशरण शरण दीन दयाल दया करो।

२२ दिसम्बर ८२ प्रार्थना – निमोनिया का आक्रमण फिर हो गया। बिछावन में लेटा पढ़ रहा था "एक साल तक नित्य बारह हजार ॐ का जप करने से साक्षात्कार हो जाता है" रेडियो बोल उठा "जो सुख पाऊँ राम भजन में वह सुख नहीं अमीरी में।" रामचरितमानस कहती है "रामहि केवल प्रेम पियारा जानि लेहु जो जाननिहारा" सोचा गणित की साधना के हिसाब से ईश्वर कैसे साक्षात्कार होगा प्रेम के बिना – निष्काम भक्त के लिये तो तुम्हारी अहैतुकी कृपा का ही सहारा है।

२० जनवरी ८३ **सत्संग** — दर्शन कृपाशंकरजी ने कहा — सबरी का गुरुत्व जिसने शुरू किया था वह धैर्य और विश्वास के साथ इन्तजार किया जिसके फलस्वरूप प्रभु ने माँ से ऊँचा स्थान दिया मांग मांग कर बेर खाया एवं जब कभी सुस्वादु भोजन की चर्चा आई भगवान सबरी के जूठे बेरों का स्वाद सबसे ऊँचा बताने में तनिक भी न हिचके। अर्थात भगवत् दर्शन न हो तो निराश मत होवो — होगा अवश्य पर समय आने पर — बड़ी भारी शिक्षा मिल गयी — आशा लगाये — विश्वास बनाये लगन लगाये रखने की शिक्षा — धन्य हो प्रभो!

२२ जनवरी ८३ **मानस पाठ — अजय द्वारा** — आज प्रातः काल उठते ही मेरे तृतीय पुत्र अजय ने मेरे से दो बार मांग कर श्री रामचरितमानस की पुस्तक एवं स्नान कर आज से उसने मानस का पाठ प्रारम्भ कर दिया — अजय की जन्म तिथि ८ अगस्त १९५५ है।

६ मार्च
१९६३

स्वप्न – दर्शन – एक लम्बी कद का काले रंग का साधु अपने साथ और कुछ साधुओं को लिये उस स्थान पर आया जहाँ जिस मकान के एक हिस्से में मैं अस्थायी रूप से रात में ठहर गया था। वह साधु उसी मकान में ठहरना चाहता है और मैं चेष्टा करता हूँ कि वह न ठहरे। पास पड़ोस में वह घूमता है ठहरना चाहता है और फिर कहीं ठहर गया ठीक याद नहीं कि वह ठहरा मेरे ही हिस्से में किसी तरफ था और किसी के पास। कुछ समय तक तो मुझे उसका ठहरना अच्छा नहीं लगा लेकिन फिर अचानक मेरे अन्दर बहुत बड़ा परिवर्तन आया और मेरी यह भावना बन गयी कि विश्व में सब एक ही प्रभु के रूप हैं और उसी की शक्ति से भिन्न भिन्न रूप धारण करते हैं। तदुपरान्त जो मिले उसी को साष्टांग दण्डवत मैं करने लगा। उस साधु को भी साष्टांग दंडवत की। यह दंडवत का सिलसिला चलता रहा बहुत देर तक फिर नींद

स्कूल जाती वक्त यह धारणा जगी कि मुझे यह भगवान शिवजी के दर्शन हुए हैं।

भाव — प्रातः स्मरण के समय भाव आया कि किसी भी स्त्री के स्तनों को देख कर यह भावना आनी चाहिये कि प्रभु के दोनों ही हाथ विश्व के प्रत्येक जीव के पोषण के लिये आगे से आगे लेकर बैठे हैं फिर मनुष्य दूसरे मनुष्य की ओर क्यों ताके।

भाव — माँ कौशल्या यशोदा और Mary तीनों ही गोद में प्रभु को पुत्र रूप में लिये एक सी लगती हैं।

८ मार्च ६३ स्वप्न-दर्शन — प्रातः कीर्तन के बाद सो गया — स्वप्न आया रामलीला की स्टेज सज रही है। छोटे छोटे बच्चे सजाये जा रहे हैं फिर अन्यान्य दृश्य होकर दर्शन मिले पहले माँ जगदम्बा सीता चलकर सामने आईं फिर चारों भाई शिशु रूप में बैठे हुए एक पंक्ति-बद्ध आगे बढ़ते चले आये। भगवान आभूषणों से सजे हुए थे।

१० अप्रैल ६३ स्वप्न-आदेश — अचानक सुबह कलकत्ते जाना पड़ा — गत रात्रि स्वप्न आया कोई आदेश दे रहा है कि सेंटर

जरूर से लेना ठंड नहुल है। फलस्वरूप आत्मा के समय
१२०१ मैं ने स्वेटर पहन लिया – आसनसोल से गाड़ी छूटने
बाद सारे रास्ते में वर्षा होती रही और कलकत्ते पहुँचने
पर मालूम हुआ कि वहाँ गत रात से पानी बरस रहा है
और कलकत्ते में रात को काफी ठंड रही – स्वेटर
पहनने पर भी कमरा बन्द करके सोना पड़ा – प्रभु
किस प्रकार पग पग पर अपने जन की रक्षा करते हैं।

२४ अप्रेल ६३ ॐ – डाक्टर से पता चला कि स्वस्थ मनुष्य का श्वास
प्रति मिनट १५ से १८ तक होता है इस प्रकार सो दिन में
१८×६०×२४ = २५९२० ÷ १०८ अर्थात् २४० माला होती
है। यद्यपि मैंने ५९ से माला का त्याग किया था किन्तु
अब लोभ होने लगा कि यदि इसके नामों का कीर्तन
कर सकूँ तो अभ्यास पक्का हो जावे बाद कितना
समय लगता है अब अंदाज लिये निश्चय होने तक
माला को अपना लो तो फिर घड़ी के अनुसार कीर्तन
करने के श्वांस के अनुसार संख्या में कीर्तन होने लग
जा सकेगा।

31 जुलाई 83 **विचार - मृत्यु** — शाम को कलकत्ते से आ रहा था। हवड़ा स्टेशन पर बंगाली नव-वधू अपने पितृ परिवार से वियोग के कारण सिसकियाँ भर रही थी और उसके पितृ पक्ष वाले भी आँसू बहा रहे थे। गाड़ी चलने के 5-7 मिनट बाद नव-वधू की सिसकियाँ बन्द हो गयीं और वह पूर्ण तथा स्वस्थ हो गयी।

उपरोक्त घटना से विचार आया — मृत्यु भी तो विवाह है। जैसे यम द्वारा शादी करके ले जाता है और फिर जहाँ जन्म होता है वहाँ शिशु-रूप में जाता है माँ बाप का वात्सल्य प्रेम प्रचुर मात्रा में पाता है जिस प्रकार नव-वधू ससुराल में स्वागत एवं प्रेम पाती है। तो फिर मरते समय रोता और दुःखी क्यों होता है कारण कि परिवार वाले स्वार्थ वश। जब उनके वियोग में रोते हैं तब उनके क्रन्दन को सुन कर ममत्व के बन्धन के कारण जीव को भी उनका विरह सताने लगता है। यदि घर वाले रुदन न करें तो शायद जाने वाली आत्मा को कष्ट कम हो और वह अपने प्रियतम के संग अधिक प्रसन्नता से जा सके।

इसी भावना से प्रेरित हो कर ही तो पूज्य पिताजी के निधन के समय रोने के बदले मैंने 'उत्सवों' का आयोजन किया था।

अतः प्रियतम क्या इतनी कृपा करोगे कि जब हरद्वार में मेरी साथ शादी करके ले जाओगे तब यहाँ जो परिवार वाले रहें हीं नहीं या उन्हें पता ही न चले कि कहीं का वियोग की याद दिलावें यदि रहें और उन्हें पता चल जाय तो 'राम'-नाम की संकीर्तन-ध्वनि से वायु मंडल गुंजायमान हो और प्रत्येक द्वारा मुझे याद दिलाता है कि तेरा प्यारा राम विवाह करने आ रहा है। क्या मुझे ऐसी कृपा करोगे — यह तुम्हारे निर्बल जन की दीन पुकार है विचार की पड़ेगी। शव यात्रा भी तो बरात ही है — (1) वर — राम का नाम (2) दुल्हन मृत जीव — (3) अरथी — पालकी (4) चिता — अग्नि की वेदी जिसकी परिक्रमा विवाह में देते हैं (5) — दाह संस्कार करने वाले का अग्नि का राम नाम लिख कर छोड़ना — प्रियतम को सुपुर्द करना है।

२५ सितम्बर १९६३ निहोरा — मेरे राम! तुम्हें अपना कहने का अभिमान रहने देना। संतों ने कहा "पिछली साख भरूँ संतन की अड़े सँवारे काम" - । मेरा अटका काज सँवारा जाय इस लालच से निहोरा करने के पहले संतों की साख भरता हूँ तो पाता हूँ कि जैसे ही जगदम्बा के देखी ने "प्रेम लखि जाना" (बा. २५८-४१) वैसे ही धनुर्धर अपार दीन का, शंभु-धनु को तोड़ा। इसके पहले खड़े समय बीतते ही रहे। लखनलाल को समझाते रहे, टालते रहे, पर जैसे ही उन्होंने "जहँ लगि सनेह ...... अंतरजामी" (अयो. ७२-३) कह कर आत्म ~~समर्पण~~ समर्पण किया तुम झटपट साथ ले चलने को तैयार हो गये। भरत लाल ने नख-नख-निर्गता गंगा से धोये तुम्हारे चरणों से वर माँगा, तीर्थ-राज प्रयाग से याचना की, और भ्रातृ धर्म को त्यागा "अरथ न धरम न ..... आन" (अयो. २०४) यह एकांगी आत्म समर्पण तुम्हें भाया और तुमने लखनलाल से कहा "सुनहु लखन ...... न दीसा" (अयो. २३१-४-३५)। तुम महात्मा और अपने अंशों तक को कसौटी पर कसे बिना न माने। और सुनो! भव सागर से तारनहारे तुम सुरसरि तीर

हलके लेके केवट का ~~चि~~ चेहरा ही निहारा करते रहे हो अपने
उसकी प्रसन्नता के लिये उसके इशारे पर नाच गये
इतना होते हुए भी उसे मजदूरी न दे सकने के कारण
अपने मन में संकोच का अनुभव करते हैं उसे
छलना चाहते थे लेकिन वह तो रंगा सियार था तुम्हारे
धोखे में नहीं आया। सबरी, सुग्रीव, एवं विभीषण
की कुचालों को भुलाकर तुमने ~~[illegible]~~ भरी राज सभा
में उनके गुणों का बखान किया। इतनी बड़ी सम्पत्ति
विभीषण को सकुचा कर देते हो (लं ४९ (क) अपने
भरत लाल से मिलने के लिये उतावले होकर उसी
विभीषण का निहोरा करते हो (लं ११६ (ख)। अब भरत
अपना-बलिदान करते हुए सच्चे प्रेम को स्थापित करते हुए
कहते हैं कि आप को संकोच में डाल कर कुछ नहीं
मांगना (अ २६८-२१) तब तुम अपनी पितृ-आज्ञा-
पालन रूपी प्राण का भी बलिदान कर कहते हो कि
तुम स्वस्थ चित्त होकर जैसा कहोगे वैसा ही करूंगा।
तुम पक्के बनिये हो लिये बिना देते नहीं कसौटी

बड़ी पक्की रखते हो पर नाथ यहाँ तो ढेरों ढोंगे के,
कुछ भी नहीं है यहाँ तो मांग ही मांग है विपरीत साथ
इसलिये है कि तुम निज जन की आंतरिक इच्छा की
पूर्ति करते आये हो इसी आदत पर यह निहोरा है।
जड़ मति मैं हठी होने के कारण अधिकाधिक लक्ष्मी
की प्राप्ति हेतु एवं भौतिक सुख हेतु जीवन का प्रत्येक
क्षण बरबाद करता रहता हूं, तेरी माया-कीच में
आपाद-मस्तक फंसा हूं निकलने में असमर्थ हूं, एक
बार भी तेरा नाम नहीं ले पाता फिर भी यह जानकर
कि तुम अकारण दीन दयालु हो और अपने जनों के सौ
दुर्गुणों को भूल उसके मन की असली इच्छा की पूर्ति करने
वाले हो इसी एक भरोसे पर निहोरा करता हूँ कि तुम एक बार
अपना "मरकत मृदुल कलेवर स्यामा अंग अंग प्रति छबि
बहु कामा ...... कबहुँ निज प्रतिबिम्ब निहारी" (उत्तर
७६-३ से ७७-४ पर्यन्त) स्वरूप एक बार जी भर कर
दिखला दो – किन्तु जब आओ तब स्पष्ट मुझे बता देना
कि तुम आ गये क्योंकि जड़मति होने के कारण समझ न

पाऊँगा और आशा हुआ मानूँगा नहीं। अति तीव्र लालसा
है टीस है कि इस शरीर को धारण किये किये ही
एक बार तुम्हारी उपरोक्त झाँकी देख सकूँ और
फिर शेष जीवन में प्राण-कीर्तन के साथ उस झाँकी
को याद कर सकूँ - चाहे किनारे को लिये ही सही।
यही याचना है तड़फन है टीस है विनती है निहोरा है।
भूमिता हूँ कि किस वस्तु से नील नीरधर श्याम को
खरीद कर सकूँ और प्यार समझाने की चेष्टा ही
करना असली रूप ही दीखना पड़ेगा - नकली
के चक्कर में नहीं पड़ने का। अपने स्वभाव को याद करो
बिमारी लगाई है चिकित्सा करनी ही पड़ेगी। एक बार
हाथ पकड़ लो - करना तुम्हें पड़ेगा ही जानता हूँ
निश्चय है करोगे भी पर स्वभाव वश लाचार हो।
पर याद रखना परीक्षा में यह सफल होने का ही
नहीं अत: इसके लिये परीक्षा की परिपाटी को
भूल अकारण दया वृष्टि के स्वभाव से ही प्रेरित हो
अपनाना पड़ेगा, कुलिस के समान कठोर हृदय

को छोड़, [illegible] कुसुम की भाँति कोमल मातृ हृदय
अपनाना ही पड़ेगा क्योंकि मेरी तो माँ भी तुम्हीं
हो जिसे किसी नाते को मानो वही सभी तुम्हीं हो
दूसरा मेरा कोई नहीं। यदि ठिकाना है तो घर पकड़े
बैठे रहना ही पड़ेगा क्योंकि पैर लड़खड़ाते हैं।
मन वायु गति से भी तीव्र दौड़ता है यहाँ वहाँ विषय
इन्द्रिय की ओर। मेरे करतार बचाओ बचाओ

3-१०-६३ भावना — प्रभो कृपा कर ताकि सुख दुख दोनों में
सम-भाव रख दोनों को ही राम-प्रसाद रूप में
ग्रहण करता रहूँ।

२१ अक्टूबर ६४ गृहत्याग — श्रीरामचरित मानस इस मत का प्रतिपादन
विशेष रूप से करती है कि भगवत् दर्शन के लिये गृहत्याग
की कोई आवश्यकता नहीं। "रामहि केवल प्रेम पियारा
जानि लेउ जो जाननिहारा" (2-137-1) दशरथ, जनक,
सुग्रीव, विभीषण एवं भरत सब ही राज्य-काज में लगे
रहने पर भी मन श्री राम के श्रीचरणों में केन्द्रीभूत होने के
कारण ऊँचे दर्जे के प्रेमी माने गये। राज्य प्राप्ति के बाद

सुग्रीव का मन जब वासना में फंसने लगा तो श्रीराम ने उसे सही रास्ते पर लाने के लिये लक्ष्मणलाल को भेजा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने अयोध्या से सुग्रीव विभीषण अंगद निषादराज को अपने अपने देश का राजकाज सम्हालने हेतु भेज देते है जो यह बतलाता है कि राम-प्रेम के लिये गृहत्याग अनावश्यक है सांसारिक कामकाज करते हुए भी मन को श्रीराम पर रख मनुष्य भगवत्प्राप्ति ठीक उसी तरह कर सकता है जिस प्रकार सती साध्वी स्त्री भृत्यवृत्ति करते हुए अपने मालिक के घर का धंधा करते हुए भी अपने मन को अपने पति के पास ही रखती है। कारण प्रेम तो मानसिक स्थिति है बाह्य स्थिति नहीं।

22 अक्टूबर 93. विचार — भगवद्इच्छा पर अपनी इच्छा का बलिदान

श्री रामचरित मानस यह पाठ पढ़ाती है कि प्रभु की इच्छा के सामने अपनी इच्छा का बलिदान कर दो
"जो सेवकु साहिबहि संकोची। निज हित चहइ तासु मति पोची
सेवक हित साहिब सेवकाई। करै सकल सुख लोभ बिहाई॥" (2-268)

दशरथ को सत्य न सखु अनेक भरत इनमें से कोई भी एक भी
यदि हठ ठानता तो प्रभु को वन गमन से रोक सकता
था इनके प्रेम में इतनी ताकत थी कि प्रभु अवहेलना
नहीं कर सकते किन्तु सभी ने उनकी रुचि के सामने
अपनी इच्छा को बलिदान किया - उनके सुख में ही
अपना सुख माना - "ठीक ही" - भाव ही बरता यहाँ तक
कि कौशल्या सीता के लिये आज्ञा न देकर भी
राम की इच्छा (आज्ञा) पूछती है ठीक ही तो है
"राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई। करै अन्यथा अस नहिं कोई॥" - बाल

२१ दिसम्बर ६३ स्वप्न - ~~[illegible]~~ - आदेश - अखण्ड तुलसीकृत मानस
का पाठ करने को मिले अत: भिन्न भिन्न पुस्तकों की खोज
में रहा कालान्तर में कहीं कुछ आज भी न था। रात में स्वप्न
आया कि मुझे कहीं जाना है एक रिक्शा पर बैठा था उसे
छोड़, दूसरे पर बैठा। जिस पर पहले बैठा था वह आगे निकल
गया किन्तु जिस पर पीछे आकर चढ़ा था वह ऐसा ठप्प
हुआ कि टसका ही नहीं। स्टेशन पर गाड़ी आई और चली
गयी किन्तु मैं अपने रिक्शे पर ही बैठा रहा - अर्थ यह

इसलिये कि जिस मानस का पाठ करता हूँ उसी का करता हूँ। लड़के की प्रकृति ठीक नहीं।

२ जनवरी ६८ सत्संग — (१) भगवत्प्राप्ति के लिये किया गया क्रोध लोभ ये कामना निष्काम ही समझी जाती है।

(२) निष्काम उपासना के लिये विधि या नियम नहीं होता

(३) अनन्य-उपासना — नारद हनुमान संवाद में हनुमान जी ने कहा कि यद्यपि नारायण और राम में कोई भेद नहीं है किन्तु क्या करूँ मेरे मन के तो बस राम हैं अन्य किसी को सोच ही नहीं सकता।

(४) किसी जीव के प्राकृतिक स्वभाव में बाधा न देना।

(५) शुद्ध — ज्यादा से ज्यादा सात्विक आहार का भोजन।

(६) समुद्र मंथन — मोहिनी — कामिनी के वशीभूत होकर मनुष्य भगवद्भक्ति रूपी अमृत से हाथ धो बैठता है।

(७) मौन — वाणी की मितव्ययिता।

(८) माखन चोरी — जब गोपी हाथ पकड़ कर कृष्ण को मां के पास ले जाती है तो कृष्ण ने धोखा देकर छुड़ाकर निकल लिया और बहाना करके उसका हाथ छुड़ा लिया

यानि अगर हाथ पकड़ेंगे तो कभी उनको माया के चक्कर में आकर हाथ छूट जायगा और वह फिसल जायगा। इसके विपरीत प्रभु ने जिस में हमारी अंगुली पकड़ ली तो फिर बेड़ा पार होवे ऐसे निबाहना ही पड़ेगा

(९) कृष्ण का हाथ बाँधना — हजार कोशिश करने पर भी माँ की रस्सी दो अंगुल छोटी ही रही — अर्थात भक्त से भगवान बँधा सकता है यदि दो वस्तु होवें — (१) भक्त की दृढ़ता एवं लगन (२) भगवान की अहैतुकी कृपा।

(१०) भगवत्दर्शन — दर्शन के बाद भी साधक को अपनी साधना चालु रखनी चाहिये बंद कभी नहीं करनी चाहिये।

(११) श्री राधा - भागवत में राधा का नाम कहीं नहीं है कारण राधा शुकदेवजी की इष्ट थी और इनका नाम लेते ही वह बेहोश हो जाते थे समय कम था अतः उन्होंने नाम न दिया।

(१२) महात्मा — जैसा सोचे वैसा ही कहे और वैसा ही करे यानि जिसका भीतर बाहर एक हो।

(१३) माया — मिथ्या विषय का अहं भाव और सांसारिक पदार्थों में मोह।

(१४) सुख दुख - सुख भोगने से पुण्य एवं दुख भोगने से पाप क्षीण होता

१५ मई ६४ **स्वप्न** — एक बालक मधुर स्वर में गाता जा रहा है
"दिन नीके बीते जाते हैं॥०" तब ख्याल आया यह तो मन
प्रदर्शन करता है और मैं भी उसके स्वर में स्वर मिला
कर गाते गाते ही नींद टूट गयी — 'जाते हैं सो जाते ही
जाते हैं वापस नहीं आते हैं॥०। आते हैं (श्वांस) सो भी
जाते हैं॥० वापस न आते, जाते ही जाते हैं, आते हैं
सो (जीव) भी जाते ही हैं॥' कितना बड़ा सत्य है जिसे
बन्दा भूलता है — तू माया के चक्कर में डाल
कर भूलता ही रहता है।


२७ मई ६४ **भाव** — 'एक कान्ति मदन निधान की। सो प्रिय जाके प्राण
आधार की॥' (३-१०-७ सुतीक्ष्ण मुनि के ये शब्द साधक
जीवन के पथ प्रदर्शक एवं आधार हैं।

३० जून ६४ से २० अगस्त ६४ तक **घटना** — ३० जून ६४ को घरबार के अन्दर लोगों की
अनजान में विजय (मेरा द्वितीय पुत्र) अचानक गृह
त्याग कर रांची चला गया — उसको राजा रांची से लाया —
उसका निश्चय है परिवार से सम्बन्ध विच्छेद कर बम्बई
जाकर स्वनिर्भर हो रहने का। बम्बई विजय के बाल्यकाल

की उसकी पूर्व जन्म विषयक बातों को याद कर दिल
कहता है किन्तु वह अपने निश्चय पर दृढ़ है जायगा
जरूर – भावी को कोई टाल नहीं सकता इसे उसका ही
विधान मानकर नत मस्तक हो स्वीकार किया –
११ अगस्त ८४ को यह शर्त तय करके बम्बई गया कि
वापस आने पर वह सर्वथा स्वतंत्र रहेगा माता पिता
उसके व्यक्तिगत एवं पारिवारिक मामले में किसी तरह का
भी हस्तक्षेप न करेंगे – माता पिता से पूर्ण तया सम्बन्ध
विच्छेद – इतने पर भी राजा और उसकी माँ का
मेरे ऊपर दबाव है कि इसी बागी पुत्र के घर में मुझे
भोजन करना पड़ेगा। राम जैसे रखें उसी परिस्थिति में
उसका प्रसाद समझ कर आनन्द पूर्वक रहना है इसी
भावना पर अटल रह कर मैंने भी स्वीकृति दे दी। प्रभु
प्रतिकूल परिस्थिति में भी सौप्रसाद का अनुभव कर
सकूं ऐसी शक्ति भगवान प्रदान करना प्रभो।
अंगास्तम्भ सिद्धान्त – अद्यपि उपरोक्त घटना ने मेरे
शरीर को जर्जर कर दिया, चारों ओर अंधकार

दीनता को कि कर्तव्यविमूढ़ता उत्पन्न होती थी
थी निर्णय के इस कदम का कोई कारण ढूंढ
नहीं पा रहा था — किन्तु भविष्य ने बताया और
आज तक (२६ फरवरी ९४) तक तो यही अनुभव
है कि यह विधान मेरे जीवन का बड़ा भारी मंगल
मय पथ प्रदर्शक बना। इसने मेरे जीवन की
दिशा ही मोड़ दी मुझे अपने और राज्य का
रक्षा भी परिपक्व बनाया और मैं आज निर्णय
को अपना सबसे बड़ा हितकारक मानता हूं। धन्य
है प्रभो किस प्रकार अपने जन की सार सम्हाल
करते हो और उपरोक्त घटनाओं ही ने इस
दास को आत्मिक स्थिति पुष्ट कर दी कि
तेरे सारे ही विधान मंगलरूप होते हैं
कारण तू तो सर्वथा ही "मंगल भवन अमंगल
हारी है" अतः मंगल-भवन के द्वारा विधानकिये
का अमंगलकारी हो ही कैसे सकता है। तू अति कुशल
चिकित्सक जो ठहरा — आवश्यकता है सही दृष्टिकोण
एवं धैर्यपूर्ण सहिष्णुता की।

५ अगस्त १९६४ — घटना — जगत प्रकास्य प्रकासक रामू। (१-११७-४)




यह रेखा-चित्र मेरे तीसरे पुत्र प्रणय कुमार (जन्म ८ अगस्त १९५५ — यानि उम्र करीब ९ वर्ष) की मेज पर पड़ा मिला ५-८-६४ को दिन (मैंने) उठा लिया मानस की उक्त चौपाई याद आई। स्कूल से वापस आने पर जब यह कागज मेज पर न मिला तब उसने ऐसा ही दूसरा बना कर रख लिया। २-३ दिन बाद मेरे पूछने पर जब मैंने मानस की उक्त चौपाई बताई तो सिर्फ मुस्कुरा कर रह गया। बच्चे ने तो पेन्सिल से ही यह रेखा चित्र बनाया था किन्तु सुरक्षित

रखने के लिये ज्यों उसके ऊपर स्याही से कर दिया है, कारण उसे देख चौपाई को भावपूर्ण रेखा-चित्र चित्रित करता है। एक दिन इस लड़के ने मुझे कहा कि "बापूजी आप इतनी बार पूजा क्यों करते हैं - क्या एक बार से राम खुश नहीं होता - देखो न हम तो एक ही बार करते हैं और राम मेरा कहना मानता है" मैंने उत्तर दिया "बेटे तेरे जितनी शक्ति मेरे में नहीं है"

२४ नवम्बर ६८ विचार — बुढ़ापे में सन्तान माँ बाप का तिरस्कार करती है उसमें बुड्ढे की भलाई छिपी रहती है यद्यपि उस सन्तान को उसका बुरा फल भोगना पड़ता है जितना ही बुड्ढे का तिरस्कार होता है उतना ही उस बुड्ढे का मोह और ममता का धागा कमजोर होता जाता है शनैः मन में निर्लिप्तता आती जाती है।

२५ नवम्बर ६८ विचार — अनन्य भक्त श्री हनुमानजी — वाह रे हनुमान तेरे जैसा अनन्य भक्त नहीं जिसके जिसके मस्तिष्क में राम के सिवाय कुछ है ही नहीं और तेरे राम ही राम

देखती हैं जीभ राम ही रटती है कान राम के ही
गुण गान सुनते हैं। लंका में जब प्रभु ने चन्द्रमा
की श्याम-छाया के लिये सबसे पूछा तब सबने अपनी
अपनी बुद्धि का परिचय देना आरम्भ किया परन्तु तो
राम का अनन्य भक्त जो ठहरा तो बोला तो चंद्रमा के
हृदय में भी राम ही दीखता "कह हनुमंत.....
स्यामता अभास" (लं-१२क) सभी को राज्याभिषेक के
बाद अंगद सब को सम्मान पूर्वक विदा कर दिया
किन्तु तू भी तो को कुछ कहना ही नहीं पड़ा राम ने
हनुमान के लिये तुम्हें आपके चरणों में रख लिया कारण
प्रभु जानते हैं कि राम के बिना तेरे लिये संसार में कुछ
है ही नहीं। यहाँ तक कि तीनों भाई भी प्रभु-सम्भाषण-
प्रसाद प्राप्त करने के लिये तेरे ही मुख की ओर ताकने
लगे। फिर यह किंकर तो कुछ भी नहीं है यह भी बड़ी
आशा लिये तेरे चरणों में पड़ा है प्रभु से इसकी अर्जी
भी पेश कर दे ताकि एक बार शिशु-राम अपनी
अलौकिक छटा मुझे दिखा देवें। बोलो हनुमान
बजरंगबली की जय।

२५ दिसम्बर
८४

परीक्षा — मेरी चमड़ी का रंग श्वेत होने लगा—
कुछ दिन पूर्व बाबूजी ने आदेश दिया कि प्रत्येक रवि
वार को सूर्य नारायण को रक्त-चंदन का अर्घ्य दिया
करो। आज कहे कि नमः शिवाय का जप किया करो।
जानती हूँ मैं अपने जीवन को अपने प्यारे राम को समर्पण
कर चुकी अब अन्य किसी की भी आराधना मेरे से
हो ही नहीं सकती यह निश्चित है महेश मेरे आराध्य
हैं पर साध्य तो श्री राम ही रहेंगे — महेश से राम-
प्राप्ति की याचना करती रहती हूँ अन्य किसी विषय
की चाह नहीं समझता — अपने क्षणिक सांसारिक
कायिक एवं भौतिक सुख के लिये प्यारे राम को
संकोच में डालूं यह भी असम्भव है वह जैसे रखेगा
उसी में आनन्द मानूंगी — सभी प्रतिकूल परिस्थितियों
में आनन्द का अनुभव प्रतिक्षण करना इसका स्रोत भी
तो मुझे श्री आनन्द-स्वामीजी से ही प्राप्त हुआ है
साधक अपनी साधना एवं साध्य को न बदले इसकी
शिक्षा माँ पार्वतीजी एवं सुतीक्षणजी दे रहे हैं। इस शरीर

को राम जिस प्रकार एवं उसी के आनन्द अनुभव
कर सकूं यह बस भी राम ही देगा।

30 दीसम्बर ६४ सत्संग — कृपाशंकर जी रामायणी' —

श्री रामचरित मानस के पात्रों का आध्यात्मिक निरूपण।
श्रीराम = ज्ञान। लक्ष्मण = वैराग्य। हनुमान = प्रबल वैराग्य।
भरत = महा वैराग्य। सीता जी = भक्ति।

धनुर्भंग — जब तक ज्ञान को वैराग्य एवं भक्ति का
सहारा न मिला शिव (अहंकार) का धनुर्भंग न हो सका
परशुराम — जब तक विष्णु (चित्त) का चाप न चढ़ाया
(परशुराम का धनुष) तब तक सीता रूपिणी भक्ति
के साथ ज्ञान रूपी राम का गठबंधन नहीं हो सका।
रावण = मोह इसी से सारी आसुरी वृत्तियां जन्म लेती हैं।
कुम्भकरण — अहंकार। ज्ञान ने मोह अहंकार को मारा।
मेघनाद = काम। विभीषण = जीव। मेघनाद रूपी
काम सबसे बीर है इसका नाश वैराग्य रूपी
लक्ष्मण ही कर सकते हैं ज्ञान रूपी राम से
नहीं हो सकता।

१ जनवरी ६५

**स्वप्न** — दो बिजली के सेल जैसे रोशनी के बल्ब अलग अलग से हैं फिर दोनों एक पास आकर एक में मिल गये फिर उसके चारों ओर छोटे छोटे से रोशनी के तारों की भाँति आकाश गंगा की तरह के हैं  फिर चारों ओर के तारे विलीन हो गये और वह रोशनी ही एक अलग बत्ती हो गयी। उसके बाद वह रोशनी बहुत दूर नीली आकाश में चली गयी और दूरी के कारण छोटी सी गोलाकार दीखने लगी। वह गोलाकार रोशनी देखती ही रही आँखें खुल गयीं।

१६ मार्च ६५

**होली** प्रत्येक वर्ष होली आती है तब यही भावना मन में उठती है कि हिन्दू समाज में सम-भावना स्थापित करने वाला त्यौहार है किन्तु इस साल मन की भावना कुछ और ही है। सुबह ४ बजे होलिका दहन सुनकर निश्चय किया था कि प्रातः-स्मरण में बाधा पड़ेगी अतः नहीं जाऊँगा किन्तु दूसरे ही क्षण अदृश्य शक्ति की प्रेरणा से भावना उठी कि मुर्ख! यह होली तो